# अंतर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिज़र्व दिवस

## प्रिलिम्स के लिये:

बायोस्फीयर रिज़र्व, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व, मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम।

## मेन्स के लिये:

बायोस्फीयर रिज़र्व: निर्धारण के लिये मानदंड, मुख्य क्षेत्र, कार्य, अंतर्राष्ट्रीय स्थिति।

## चर्चा में क्यों?

वर्ष 2022 से प्रत्येक वर्ष 3 नवंबर को **'अंतर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिज़र्व दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।**

## बायोस्फीयर रिज़र्व:

- **परिचय:**
  - **बायोस्फीयर रिज़र्व (BR)**, यूनेस्को द्वारा प्राकृतिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों के सांकेतिक भागों के लिये दिया गया एक अंतर्राष्ट्रीय पदनाम है, जो **स्थलीय या तटीय/समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों के बड़े क्षेत्रों या दोनों के संयोजन को शामिल करता है।**
  - बायोस्फीयर रिज़र्व प्रकृति के संरक्षण के साथ **आर्थिक एवं सामाजिक विकास तथा संबद्ध सांस्कृतिक मूल्यों** के रखरखाव को भी संतुलित करने का प्रयास करता है।
  - बायोस्फीयर रिज़र्व को राष्ट्रीय स्तर पर सरकारों द्वारा नामित किया जाता है और वे उन राज्यों के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं जहाँ वे स्थित हैं।
  - इन्हें **'MAB अंतर्राष्ट्रीय समन्वय परिषद' (MAB ICC)** के निर्णयों के बाद यूनेस्को के महानिदेशक द्वारा अंतर-सरकारी MAB कार्यक्रम के तहत नामित किया जाता है।
    - मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व प्रोग्राम (MAB) एक अंतर-सरकारी वैज्ञानिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य लोगों और उनके वातावरण के बीच संबंधों में सुधार के लिये वैज्ञानिक आधार स्थापित करना है।
  - इनकी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।
- **तीन मुख्य क्षेत्र :**
  - **कोर क्षेत्र (Core Areas):** इसमें एक जटिल या सुभेद्य संरक्षित क्षेत्र शामिल है जो परिदृश्य, पारिस्थितिकी तंत्र, प्रजातियों और आनुवंशिक भिन्नता के संरक्षण में योगदान देता है।
  - **बफर क्षेत्र (Buffer Zone):** यह मुख्य क्षेत्र को चारों तरफ से संरक्षित करता है या जोड़ता है तथा इसका उपयोग ध्वनि पारिस्थितिक गतिविधियों को संतुलित करने हेतु किया जाता है जो वैज्ञानिक अनुसंधान, निगरानी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा को सुदृढ़ कर सकते हैं।
  - **संक्रमण क्षेत्र (Transition Area):** संक्रमण क्षेत्र वह स्थान है जहाँ समुदाय सामाजिक- सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ आर्थिक एवं मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

## भारत/विश्व में बायोस्फीयर रिज़र्व की स्थिति:

- **भारत में:**
  - भारत में वर्तमान में 60,000 वर्ग किमी में फैले **18 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं।**
  - भारत में पहला बायोस्फीयर रिज़र्व तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में फैले नीलगिरि के नीले पहाड़ थे।
  - सबसे बड़ा बायोस्फीयर रिज़र्व कच्छ (गुजरात) की खाड़ी है और सबसे छोटा डिब्रू-सैखोवा (असम) है।
  - अन्य बड़े बायोस्फीयर रिज़र्व मन्नार की खाड़ी (तमिलनाडु), सुंदरबन (पश्चिम बंगाल) और शीत रेगिस्तान (हिमाचल प्रदेश) हैं।

[//](#)




- **वैश्वकि स्तर पर:**
  - **परचिय:**
    - यूनेस्को के अनुसार, 22 ट्रांसबाउंड्री साइटों सहति **134 देशों में 738 बायोस्फीयर रज़िर्व** हैं।
  - **क्षेत्र के आधार पर:**
    - सबसे अधकि बायोस्फीयर रज़िर्व **यूरोप और उत्तरी अमेरकिा में** हैं, इसके बाद एशयिा और प्रशांत, लैटनि अमेरकिा तथा कैरबियिन, अफ्रीका एवं अरब देशों का नाम आता है।
    - **दक्षणि एशयिा** मे, 30 से अधकि बायोस्फीयर रज़िर्व स्थापति कयि गए हैं**। पहला श्रीलंका में हुरुलु बायोस्फीयर रज़िर्व था,** जसिमें 25,500 हेक्टेयर उष्णकटबिंधीय शुष्क सदाबहार वन शामलि था।
      - बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में अब तक कोई बायोस्फीयर रज़िर्व नहीं है।
  - **देशों के आधार पर :**
    - ऐसी साइटों की **सबसे अधकि संख्या स्पेन, रूस और मैक्सकिो** में है।
  - **वशि्व का प्रथम 'पाँच देशों का बायोस्फीयर रज़िर्व':**
    - यह बायोस्फीयर रज़िर्व मुरा, द्रवा और डेन्यूब नदयिों के 700 कलिोमीटर के क्षेत्र और**ऑस्ट्रयिा, स्लोवेनयिा, क्रोएशयिा, हंगरी तथा सरबयिा** में फैला हुआ है, जसिे **यूनेस्को** द्वारा सतिंबर 2021 में घोषति कयिा गया ।
    - इस रज़िर्व का कुल क्षेत्रफल एक मलियिन हेक्टेयर है जसिे **'यूरोप का अमेज़न' (Amazon of Europe)** कहा जाता है तथा यह अब **यूरोप में सबसे बड़ा नदी संरक्षति क्षेत्र है।**




## आगे की राह

- संक्रमण क्षेत्रों में वन संसाधनों पर निर्भर आदिवासियों के भूमि अधिकारों को सुरक्षित किया जाना चाहिये।
- मुन्नार घोषणा पत्र जो बताता है कि बायोस्फीयर रिज़र्व को रेगिस्तान और गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्रों से बाहर रखा जा सकता है, को भी लागू किया जाना चाहिये। ।
- चूँकि बायोस्फीयर रिज़र्व अवधारणा का उद्देश्य सतत् विकास था, इसलिये शब्द **आरक्षित** को एक उपयुक्त शब्द के साथ प्रतिस्थापित किया जाना चाहिये।
- सरकार को विभिन्न बायोस्फीयर रिज़र्व जैसे नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व पर आक्रमण करने वाली विदेशी प्रजातियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिये।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)**

1. नोकरेक बायोस्फीयर रिज़र्व: गारो पहाड़ियाँ
2. लोकटक झील: बरैल रेंज
3. नामदफा राष्ट्रीय उद्यान : डफला हिल्स

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) कोई नहीं

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. जैवविविधता के साथ-साथ मनुष्य के परंपरागत जीवन के संरक्षण के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीति निम्नलिखित में से किस एक की स्थापना करने में निहित है? (2014)**

(a) जीवमंडल निचय (रिज़र्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय उपवन
(d) वन्यजीव अभयारण्य

उत्तर: (a)

---

**प्रश्न. भारत के सभी बायोस्फीयर रिज़र्व में से चार को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड नेटवर्क के रूप में मान्यता दी गई है। निम्नलिखित में से कौन-सा उनमें से एक नहीं है? (2008)**

(a) मन्नार की खाड़ी
(b) कंचनजंगा
(c) नंदा देवी
(d) सुंदरबन

**उत्तर: (b)**

## सरोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-day-for-biosphere-reserves